15 मार्च, 2013 को कमरा नंबर 47, उद्योग भवन में आयोजित की जाने वाली अनुमोदन बोर्ड की 57वीं बैठक के लिए एजेंडा

मद संख्या 57.1 : विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव

क्र. सं.	विकासक का नाम	लोकेशन	क्षेत्र	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	भूमि पर कब्जा	एसजीआर*	आवेदन की स्थिति
(i)	मैसर्स यूपी इलेक्ट्रानिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड	चक गजारिया फार्म, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स	40	हां	हां	नया

*राज्य सरकार की सिफारिश

मद संख्या 57.2 : सह विकासक के लिए अनुरोध

(i) जे मातादी फ्री ट्रेड जोन प्राइवेट लिमिटेड जो मन्नूर एवं वलारपुरम गांव, श्रीपेरंबदूर, तमिलनाडु में एफटीडब्ल्यूजेड है, में प्रचालनों की स्थापना के लिए सह विकासक का दर्जा प्रदान करने के लिए मैसर्स वेजल वेयरहाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड से आवेदन

84.775 **हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उक्त एफटीडब्ल्यूजेड अधिसूचित हो गया है। मैसर्स वेजल वेयरहाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड ने उपर्युक्त एफटीडब्ल्यूजेड में निम्नलिखित के लिए सह विकासक बनने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है** :

(i) **डिजाइन, विकास, प्रबंधन एवं निर्माण सहित अतिरिक्त वेयरहाउस का विकास**
(ii) **मौजूदा वेयरहाउस का प्रचालन, अनुरक्षण, अनुकूलन तथा विस्तार**
(iii) **सीवेज, सड़क, लाइटिंग तथा जलापूर्ति सहित सभी अवसंरचना सुविधाओं का प्रावधान**

सह विकासक के 19.77 **एकड़ के प्रस्तावित क्षेत्रफल में**

विकासक के साथ किया गया सह विकासक करार दिनांक 01 **फरवरी**, 2013 **भी उपलब्ध कराया गया है। निष्पादित किए जाने के लिए प्रस्तावित प्रारूप पट्टा करार भी उपलब्ध कराया गया है। विकास आयुक्त, एमईपीजेड ने प्रस्ताव की सिफारिश की है। सह विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।**

सह विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(ii) ग्राम ग्वाल पहाड़ी, तहसील सोहना, जिला गुड़गांव, हरियाणा में मैसर्स एएसएफ इनसिग्निया एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मैसर्स कैंटोन बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा आईटी / आईटीईएस के लिए विकसित किए जा रहे क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड में सह विकासक के लिए मैसर्स किंग्स कैनन इनसिग्निया एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड का अनुरोध

19.3028 **हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उक्त एसईजेड अधिसूचित हो गया है। मैसर्स किंग्स कैनन इनसिग्निया एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड ने प्रसंस्करण क्षेत्र में** 3.648 **एकड़ के क्षेत्रफल में** 741036 **वर्गमीटर के निर्मित क्षेत्रफल में अवसंरचना के विकास और / या प्रचालन एवं अनुरक्षण के लिए उपर्युक्त एसईजेड में सह विकासक बनने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।** 30 **मार्च**, 2012, 06 **जुलाई**, 2012 **और** 23 **नवंबर**, 2012 **को आयोजित बैठकों में अनुमोदन बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पर विचार किया गया। पिछली बैठक में अनुमोदन बोर्ड ने निम्नानुसार निदेश दिया** :

"सीबीडीटी का प्रतिनिधि विकास आयुक्त, एनएसईजेड से प्राप्त रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं था तथा प्रस्तावित पट्टा किराया की मात्रा, पट्टा करार की अवधि आदि की दृष्टि से वर्तमान प्रस्ताव पर आपत्ति की। अनुमोदन बोर्ड ने प्रस्ताव पर सीबीडीटी द्वारा उठाई गई आपत्तियों को नोट किया तथा उनके इस विरोध को स्वीकार किया कि मामले की और जांच करने की आवश्यकता है और इसलिए प्रस्ताव को आस्थगित कर दिया।"

विकास आयुक्त, नोएडा ने विकासक और सह विकासक के बीच किए गए संशोधित सह विकासक करार दिनांक 15 फरवरी 2013 को यह कहते हुए अग्रेषित किया है कि पट्टा योग्य निर्मित क्षेत्र के लिए पट्टा किराया 61.43 रुपए वर्गफीट से घटाकर 36 रुपए वर्गफीट कर दिया गया है तथा भूमि के लिए नियत पट्टा किराया हर तीसरे वर्ष के अंत में वृद्धि के साथ 2.50 लाख रुपए प्रति माह दर्शाया गया है। इसकी वजह से भूमि के लिए नियत पट्टा किराया हर तीसरे वर्ष के अंत में 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 61 लाख रुपए प्रतिवर्ष से घटकर 30 लाख रुपए प्रतिवर्ष हो गया है। पट्टा अवधि भी 33 वर्ष से घटाकर 30 वर्ष कर दी गई है। निष्पादित किए जाने के लिए प्रस्तावित प्रारूप पट्टा करार भी उपलब्ध कराया गया है (अनुबंध 1)।

सह विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या 57.3 : अधिकृत प्रचालनों के लिए अनुरोध

(i) एसईजेड में दूसरा प्रवेश / निकास द्वार प्रदान करने के लिए मैसर्स डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड जो देवुनीपालावालसा, रणस्थलम मंडल, श्रीकाकुलम जिला, आंध्र प्रदेश में फर्मास्युटिकल के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड है, का प्रस्ताव

100 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड 11 नवंबर, 2009 को अधिसूचित किया गया था। विकासक ने बताया है कि इस समय एसईजेड में केवल एक प्रवेश / निकास द्वार है जिसके माध्यम से वाहनों और यात्रियों के सभी मूवमेंट हो रहे हैं, जो संकीर्ण है तथा इसकी वजह से भारी वाहन ट्रैफिक का मूवमेंट मुश्किल हो रहा है।

विकासक ने आवक एवं जावक वाहनों के फ्री मूवमेंट के लिए तथा किसी आपात स्थिति में सेफ्टी प्वाइंट को ध्यान में रखते हुए भी एक और प्रवेश / निकास द्वार का निर्माण करने के लिए प्रस्ताव किया है। प्रसंस्करण क्षेत्र जिसके लिए अनुमोदन मांगा गया है, में गतिविधियों का ब्यौरा इस प्रकार है :

क्र. सं.	अधिकृत गतिविधि का नाम	यूनिटों की संख्या	यथालागू एफएसआई / एफएआर मानदंड के अनुसार प्रति यूनिट क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	कुल क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) / क्षमता (मेगावाट में)
(1)	(2)	(3)	(40	(5)
1.	कोयला / राख / धान की भूसी / एचएसडी सहित सभी सामग्रियों के मूवमेंट के लिए एसईजेड के उत्तर दिशा में दूसरा गेट प्रदान करना	एक	लागू नहीं	लागू नहीं

साइट का निरीक्षण करने के बाद विकास आयुक्त, वीएसईजेड ने टिप्पणी की है कि मौजूदा गेट के लिए इंट्री (ब्रिज) बहुत सकरा है तथा प्रचालनों में वृद्धि होने पर भारी वाहनों का मूवमेंट मुश्किल होगा। इस प्रकार न केवल भारी वाहनों के मूवमेंट के लिए अपितु सुरक्षा की दृष्टि से भी एसईजेड में दूसरे प्रवेश / निकास द्वार की आवश्यकता है।

अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार करने के लिए प्रस्तुत है।

(ii) एसईजेड के गैर प्रसंस्करण क्षेत्र में अधिकृत प्रचालन अर्थात 100 कमरों वाले होटल (चरणों में 3-4 स्टार कटेगरी) के निर्माण के अनुमोदन के लिए मैसर्स श्री सिटी प्राइवेट लिमिटेड जो सत्यावेदु मंडल, चित्तूर जिला, आंध्र प्रदेश में बहु उत्पाद्र एसईजेड है, का प्रस्ताव

1088.581 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उक्त एसईजेड अधिसूचित हो गया है। विकासक ने एसईजेड के गैर प्रसंस्करण क्षेत्र में निम्नलिखित अधिकृत प्रचालनों के लिए अनुरोध किया है :

क्र. सं.	अधिकृत गतिविधि का नाम	यूनिटों की संख्या	यथालागू एफएसआई / एफएआर मानदंड के अनुसार प्रति यूनिट क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	कुल क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) / क्षमता (मेगावाट में)
(1)	(2)	(3)	(40	(5)
1.	3 अथवा 4 स्टार होटल	चरणों में 100 कमरे	30 वर्गमीटर का कमरा + 30 वर्गमीटर (वाणिज्यिक क्षेत्र, रेस्टोरेंट, बिजनेस सेंटर आदि)	6000

मामले की जांच करने के बाद विकास आयुक्त, एमईपीजेड ने अनुमोदन करने के लिए इसकी सिफारिश की है (अनुबंध 1क)।

अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार करने के लिए प्रस्तुत है।

(iii) अधिकृत प्रचालनों के अनुमोदन के लिए मैसर्स एलएंडटी शिपबिल्डिंग लिमिटेड जो कट्टूपल्ली गांव, पोन्नेरी तालुक, तिरुवल्लूर जिला, तमिलनाडु में भारी इंजीनियरिंग के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड है, का प्रस्ताव

607.87 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड 4 दिसंबर, 2009 को अधिसूचित किया गया था। विकासक ने एसईजेड के गैर प्रसंस्करण क्षेत्र में निम्नलिखित अधिकृत प्रचालनों के लिए अनुरोध किया है :

क्र. सं.	अधिकृत गतिविधि का नाम	यूनिटों की संख्या	यथालागू एफएसआई / एफएआर मानदंड के अनुसार प्रति यूनिट क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	कुल क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) / क्षमता (मेगावाट में)
(1)	(2)	(3)	(40	(5)
1.	कार पार्किंग के साथ आवासीय परिसर (ग्राउंड प्लस 8 में 1 और 2 बीएचके)	100	100	10000
2.	सर्विस एरिया के साथ आवासीय परिसर (ग्राउंड प्लस 5 में ट्रांजिट हाउस तथा जीईटी हॉस्टल)	100	60	6000
3.	चिकित्सा / स्वास्थ्य केन्द्र	1	800	800
4.	ग्राउंड प्लस 7 में आवासीय परिसर (शिपक्रू ऑफिसर्स हॉस्टल)	25	116	2900
5.	ग्राउंड प्लस +2 में आवासीय	18	66	1200

	परिसर (शिपक्रू ऑफिसर्स एकमोडेशन)			

विकास आयुक्त, एमईपीजेड ने अनुमोदन के लिए प्रस्ताव की सिफारिश की है।

अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार करने के लिए प्रस्तुत है।

मद संख्या 57.4 : क्षेत्रफल में वृद्धि / कटौती के लिए अनुरोध

(i) एसईजेड में भूमि के कुछ अंश को विमुक्त करने के लिए श्रीपेरंबदूर, तमिलनाडु में इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर एवं संबद्ध सेवाओं के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड में मैसर्स फ्लेक्सट्रोनिक्स टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का अनुरोध

101.21 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उक्त एसईजेड अधिसूचित हो गया है। विकासक ने 25.07 हेक्टेयर भूमि को विमुक्त करने के लिए अनुरोध किया है जिससे एसईजेड का कुल क्षेत्रफल 76.14 हेक्टेयर हो जाएगा।

विकासक ने आंशिक विमुक्तीकरण के लिए आवेदन किया है ताकि नए व्यवसाय माडल के लिए इसे डीटीए में परिवर्तित किया जा सके।

विकास आयुक्त, एमईपीजेड ने प्राप्त किए गए सभी लाभों को वापस करने तथा राज्य सरकार से सहमति के अधीन विकासक के अनुरोध की सिफारिश की है।

विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत है।

(ii) ग्राम ओगनज, तालुक दसक्रोई, जिला अहमदाबाद, गुजरात में आईटी / आईटीईएस के लिए मैसर्स कलिका कंस्ट्रक्शन एंड इंप्रेक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किए जा रहे क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड में सह विकासक मैसर्स कंबाइंड रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड का अपने प्रचालनों के क्षेत्रफल में वृद्धि के लिए अनुरोध

मैसर्स कलिका कंस्ट्रक्शन एंड इंपेक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम में 10.43.10 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड 8 मई, 2009 को अधिसूचित किया गया था।

इसके बाद मैसर्स कंबाइन रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड को 6187 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में एसईजेड में अवसंरचना सुविधाएं प्रदान करने के लिए 25 जून 2009 को सह विकासक का दर्जा प्रदान किया गया था।

इसके बाद सह विकासक ने अपने आवेदन पत्र दिनांक 28 जनवरी 2011 के माध्यम से विकास के लिए 2166 वर्गमीटर के अतिरिक्त क्षेत्रफल के लिए मंजूरी प्रदान करने का अनुरोध किया। 22 जुलाई, 2011 को आयोजित अनुमोदन बोर्ड की 47वीं बैठक के समक्ष अनुरोध को रखा गया था। अनुमोदन बोर्ड ने निम्नानुसार निदेश दिया :

"अनुमोदन बोर्ड ने नोट किया कि सह विकासक करार दिनांक 28 अप्रैल 2010 के अनुसार शामिल करने के लिए प्रस्तावित भूखंड 999 वर्ष की अवधि के लिए सह विकासक को पट्टा पर दिया जा रहा है। चूंकि इतनी लंबी अवधि के लिए पट्टा का अभिप्राय भूमि की बिक्री से है जो एसईजेड नियमावली के तहत अनुमत नहीं है इसलिए अनुमोदन बोर्ड ने एसईजेड नियमावली के अनुसरण में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए सह विकासक को अवसर प्रदान करने के लिए प्रस्ताव को आस्थगित कर दिया।"

अब विकासक ने पुन: मूल विलेख में सुधार विलेख दिनांक 10 सितंबर 2012 प्रस्तुत करके 2166 वर्गमीटर के अतिरिक्त क्षेत्रफल के विकास के लिए अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया है जिसमें पट्टा की अवधि 99 वर्ष है (अनुबंध 3)।

विकास आयुक्त, केएएसईजेड ने सह विकासक के अनुरोध की सिफारिश की है।

अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार करने के लिए प्रस्तुत है।

मद संख्या 57.5 : विमुक्त करने के लिए अनुरोध

(i) वल्लेनचेरी गांव, गुडुवनचेरी पोस्ट, चेंगलपेट तालुक, कांचीपुरम जिला, तमिलनाडु में 11.09 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में आईटी / आईटीईएस के लिए अधिसूचित क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड को विमुक्त करने के लिए मैसर्स एलएंडटी चेन्नई प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जो एलएंडटी अरुण एक्सेलो आईटी एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड का विकासक है) का अनुरोध

उपर्युक्त एसईजेड 11.09 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में मैसर्स अरुण एक्सेलो आईटी एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड के नाम में 1 मई 2007 को अधिसूचित हो गया है। विकास आयुक्त, एमईपीजेड के माध्यम से मैसर्स एलएंडटी चेन्नई प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने एलएंडटी अरुण एक्सेलो आईटी एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड से नाम बदलकर एलएंडटी चेन्नई प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। वाणिज्य विभाग द्वारा इसकी जांच की जा रही है।

अब मैसर्स एलएंडटी चेन्नई प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने आईटी / आईटीईएस सेक्टर में वैश्विक मंदी, स्थूल आर्थिक परिदृश्य में सामान्य मंदी, जीडीपी तथा आईटी / आईटीईएस सेक्टर के विकास की धीमी गति, मैट और डीडीटी लगाए जाने के आधार पर एसईजेड को विमुक्त करने का अनुरोध किया है।

विकास आयुक्त, एमईपीजेड ने नाम में परिवर्तन, एसईजेड अधिनियम एवं नियमावली के तहत प्राप्त किए गए करों एवं लाभों को वापस करने की शर्त के अधीन अनुरोध की सिफारिश की है।

एसईजेड को विमुक्त करने के लिए विकासक का अनुरोध विचार करने के लिए अनुमोदन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

(ii) 109-59-07 के क्षेत्रफल में अपने अधिसूचित एसईजेड को विमुक्त करने के लिए मैसर्स वेलस्पन अंजार एसईजेड लिमिटेड जो अंजार, गुजरात में टेक्सटाइल एवं गारमेंट के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड है, से अनुरोध

109-59-07 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड 17 सितंबर, 2007 को अधिसूचित हो गया है।

अब विकासक ने इस आधार पर एसईजेड को विमुक्त करने के लिए अनुरोध किया है कि यह लाभप्रद नहीं है।

विकास आयुक्त, केएएसईजेड ने निम्नलिखित टिप्पणियों के साथ अनुरोध की सिफारिश की है :

(i) एसईजेड में यूनिटों को डिबांड किया गया है।
(ii) प्राप्त किए गए कर / ड्यूटी छूट के समतुल्य राशि सरकारी खाते में जमा की गई है।

एसईजेड को विमुक्त करने के लिए विकासक का अनुरोध विचार करने के लिए अनुमोदन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

मद संख्या 57.6 : औपचारिक अनुमोदन को वापस लेने के लिए अनुरोध

(i) गुड़गांव, हरियाणा में बायोटेक के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए मैसर्स बेस्ट ऑन हेल्थ लिमिटेड को प्रदान किए गए औपचारिक अनुमोदन को वापस लेना

गुड़गांव, हरियाणा में 40.78 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में बायोटेक के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए मैसर्स बेस्ट ऑन हेल्थ लिमिटेड को एलओए दिनांक 27 फरवरी 2009 के माध्यम से औपचारिक मंजूरी प्रदान की गई थी। यह एसईजेड अभी तक अधिसूचित नहीं हुआ है। अब विकासक ने औपचारिक मंजूरी को वापस लेने के लिए अनुरोध किया है। विकासक ने बताया है कि वर्तमान आर्थिक परिदृश्य तथा एसईजेड विकासक / यूनिट पर मैट तथा डीडीटी लगाए जाने के कारण वे परियोजना को लागू करने की स्थिति में नहीं हैं।

विकास आयुक्त, एनएसईजेड ने विचारार्थ प्रस्ताव अग्रेषित किया है।

औपचारिक अनुमोदन को वापस लेने के लिए विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार करने के लिए प्रस्तुत है।

(ii) चाकन, जिला पुणे, महाराष्ट्र में इंजीनियरिंग के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम को प्रदान की गई औपचारिक मंजूरी को वापस लेना

एलओए दिनांक 26 जुलाई, 2007 के माध्यम से चाकन, जिला पुणे, महाराष्ट्र में 100 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में इंजीनियरिंग के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम को औपचारिक मंजूरी प्रदान की गई थी। यह एसईजेड अभी तक अधिसूचित नहीं हुआ है। अब विकासक ने औपचारिक मंजूरी को वापस लेने के लिए अनुरोध किया है। विकासक ने बताया है कि प्रस्तावित प्रत्यक्ष कर नीति के लागू किए जाने तथा वैश्विक मंदी के कारण परियोजना का कार्यान्वयन नहीं किया जा सकता है। इसलिए एमआईडीसी ने परियोजना को रद्द करने का निर्णय लिया है।

विकास आयुक्त, एसईईपीजेड एसईजेड ने प्रस्ताव को अग्रेषित किया है।

औपचारिक अनुमोदन को वापस लेने के लिए विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार करने के लिए प्रस्तुत है।

मद संख्या 57.7 : औपचारिक अनुमोदनों की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए अनुरोध

एसईजेड नियमावली 2006 के नियम 6[2](2)(क) के अनुसरण में एलओए 3 साल की अवधि के लिए वैध है। सामान्य प्रक्रिया के अनुसार पहला विस्तार प्रदान करने के लिए उनका अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के अनुमोदन के लिए उसके समक्ष रखा जाना चाहिए था। तथापि, 19 सितंबर 2011 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदन बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय में यह तय किया गया था कि औपचारिक अनुमोदनों की पहली और दूसरी बार वैधता अवधि बढ़ाने के लिए अनुरोधों की जांच की जाएगी तथा वाणिज्य विभाग द्वारा फाइल पर निर्णय लिए जाएंगे।

मद संख्या 57.7.1: तीसरे साल के बाद औपचारिक अनुमोदनों की वैधता अवधि पहली बार बढ़ाने के लिए अनुरोध

(i) उत्तरपारा, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आईटी / आईटीईएस एसईजेड स्थापित करने के लिए मैसर्स बंगाल श्रीराम हाइटेक सिटी प्राइवेट लिमिटेड से एलओए की वैधता अवधि पहली बार बढ़ाने के लिए अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 14 **जुलाई** 2008 **को प्रदान किया गया था।** 24.29 **हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड** 24 **अप्रैल**, 2009 **को अधिसूचित किया गया था।**

एसईजेडी के एलओए की वैधता अवधि 14 **जुलाई** 2011 **को समाप्त हो गई। विकासक ने निम्नलिखित आधार पर इस तिथि के बाद वैधता अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन किया है** :

(i) **भूमि अभी तक दाखिल खारिज नहीं हुई है।**
(ii) **भूमि का परिवर्तन भी पूरा नहीं हुआ है।**
(iii) **पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रतीक्षा है।**

विकास आयुक्त, **एफएसईजेड ने सूचित किया है कि राज्य सरकार ने एसईजेड अधिनियम को निरस्त कर दिया है। तथापि**, **उन्होंने दो साल की अवधि के लिए अर्थात** 13 **जुलाई** 2013 **तक एलओए की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए इस शर्त के साथ अनुमोदन बोर्ड की इस बैठक में चर्चा के लिए सिफारिश की है कि अग्रेतर विस्तार की सिफारिश नहीं की जाएगी।**

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या 57.7.2: तीसरे साल के बाद औपचारिक अनुमोदनों की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए अनुरोध

(i) अदिबाटला गांव, इब्राहिमपट्टनम मंडल, रंगारेड्डी जिला, आंध्र प्रदेश में आईटी / आईटीईएस एसईजेड स्थापित करने के लिए मैसर्स काग्नीजेंट टेक्नोलॉजी सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड से एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 7 **जनवरी** 2008 **को प्रदान किया गया था।** 16.19 **हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड** 9 **जून**, 2008 **को अधिसूचित किया गया था।**

एसईजेडी के एलओए की वैधता अवधि 14 **जुलाई** 2011 **को समाप्त हो गई। विकासक ने निम्नलिखित आधार पर इस तिथि के बाद वैधता अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन किया है** :

(i) **भूमि अभी तक दाखिल खारिज नहीं हुई है।**
(ii) **भूमि का परिवर्तन भी पूरा नहीं हुआ है।**
(iii) **पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रतीक्षा है।**

विकास आयुक्त, **वीएसईजेड ने सूचित किया है कि राज्य सरकार ने एसईजेड अधिनियम को निरस्त कर दिया है। तथापि**, **उन्होंने दो साल की अवधि के लिए अर्थात** 13 **जुलाई** 2013 **तक एलओए की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए इस शर्त के साथ अनुमोदन बोर्ड की इस बैठक में चर्चा के लिए सिफारिश की है कि अग्रेतर विस्तार की सिफारिश नहीं की जाएगी।**

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या 57.7.3 : पांचवें एवं छठें साल के बाद औपचारिक अनुमोदनों की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए अनुरोध

14 सितंबर, 2012 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदन बोर्ड में समान मामलों की जांच की तथा निम्नानुसार टिप्पणी की :

"अनुमोदन बोर्ड ने विकास आयुक्त को 5वें साल के बाद औपचारिक अनुमोदन की वैधता अवधि बढ़ाने के अनुरोध की तभी सिफारिश करने की सलाह दी कि विकासक द्वारा परियोजना के प्रचालन के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए हैं और वैधता अवधि पुन: बढ़ाया जाना उचित कारणों पर आधारित है। अनुमोदन बोर्ड ने यह भी टिप्पणी की कि नेमी मामले के रूप में वैधता अवधि बढ़ाई जा सकती है जब तक कि विकासक द्वारा जमीनी स्तर पर कुछ प्रगति नहीं की जाती है। इसलिए अनुमोदन बोर्ड ने विचार विमर्श के बाद पिछली बार बढ़ाई गई वैधता अवधि की समाप्ति की तिथि से औपचारिक अनुमोदन की वैधता अवधि एक साल की अवधि के लिए 5वें साल के बाद तथा 6 माह की अवधि के लिए छठें वर्ष के बाद बढ़ाने के अनुरोधों को मंजूरी प्रदान की।"

(i) मडिकोंडा गांव, हानमकोंडा मंडल, वारंगल जिला, आंध्र प्रदेश में आईटी / आईटीईएस के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए प्रदान किए गए औपचारिक अनुमोदन की वैधता अवधि 25 जून, 2012 के बाद (5वें वर्ष के बाद) पुन: बढ़ाने के लिए आंध्र प्रदेश इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एपीआईआईसी) का अनुरोध

विकासक को एलओए दिनांक 26 जून, 2007 के माध्यम से 14.32 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड स्थापित करने के लिए औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया था। 14.50 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड 12 दिसंबर, 2007 को अधिसूचित किया गया था। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के दो विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 25 जून, 2012 तक वैध थे।

अपने पत्र दिनांक 2 जुलाई 2012 के माध्यम से विकासक ने अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए इस आधार पर अनुरोध किया है कि चूंकि वारंगल जिला आर्थिक और औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा क्षेत्र है इसलिए यूनिट धारकों से अपेक्षित मांग प्राप्त नहीं हुई है। विकासक ने यह भी सूचित किया है कि चारदीवारी का निर्माण जैसी अवसंरचना सुविधाएं पूरी हो चुकी हैं तथा अन्य सुविधाएं जैसे कि पानी, बिजली, आंतरिक सड़क का निर्माण आदि शीघ्र शुरू होगा तथा यह कि राज्य सरकार ऐसी यूनिटों की सहायता के लिए कदम उठा रही है जो इस आईटी एसईजेड में आ चुकी हैं।

विकास आयुक्त, वीएसईजेड ने सूचित किया है कि विकासक निम्नलिखित के संबंध में 2,46,66,000 रुपए (अनुमानित), 1,97,72,810 रुपए (पूर्ण) और 48,93,190 रुपए (शेष) खर्च कर चुका है :

(क) चारदीवारी / बाड़बंदी
(ख) इंक्यूबेशन सेंटर, काजीपेट
(ग) सड़क (संपर्क सड़क)
(घ) ड्रेन
(ङ) पावर / पावर लाइन की शिफ्टिंग
(च) पानी
(छ) स्ट्रीट लाइट (संपर्क सड़क)

31 दिसंबर, 2012 की स्थिति के अनुसार

विकास आयुक्त, वीएसईजेड ने सूचित किया है कि यह राज्य सरकार का एसईजेड है तथा भूमि कब्जे में है और चारदीवारी द्वारा उसकी बाड़बंदी की गई है। उन्होंने प्रस्ताव की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(ii) प्लाट नंबर 6, सेक्टर 144, नोएडा, उत्तर प्रदेश में आईटी / आईटीईएस के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए प्रदान किए गए औपचारिक अनुमोदन की वैधता अवधि 31 अक्टूबर, 2012 के बाद (5वें वर्ष के बाद) पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स परफेक्ट आईटी एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड का अनुरोध

विकासक को एलओए दिनांक 31 अक्टूबर, 2007 के माध्यम से उपर्युक्त एसईजेड स्थापित करने के लिए औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया था। 10 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड 15 मई, 2008 को अधिसूचित किया गया था। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के दो विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 31 अक्टूबर, 2012 तक वैध थे।

अपने आवेदन दिनांक 5 फरवरी 2013 के माध्यम से विकासक ने अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए इस आधार पर अनुरोध किया है कि उन्होंने अब निम्नलिखित अनुमोदन प्राप्त कर लिए हैं :

(क) पर्यावरणीय स्वीकृति
(ख) प्रचालन के लिए सहमति हेतु उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी
(ग) हाइट का अनुमोदन
(घ) फायर एनओसी
(ङ) भवन प्लान का अनुमोदन
(च) विद्युत उत्पादन के लिए अनुमोदन

यह भी सूचित किया गया है कि चारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी सूचित किया है कि उन्होंने भूमि पर 26 करोड़ रुपए तथा अन्य पर 1 करोड़ रुपए का निवेश किया है। उन्होंने यह कहते हुए समाप्ति की प्रस्तावित समय सीमा भी प्रदान की है कि परियोजना 25 प्रतिशत प्रस्तावित निर्मित क्षेत्र के लिए 18 माह के अंदर क्रियाशील हो जाएगी।

विकास आयुक्त, एनएसईजेड ने एलओए की वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(iii) ग्राम कर्कापटला, मंडल मुलुगू जिला मेडक, आंध्र प्रदेश में जैव प्रौद्योगिकी के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए प्रदान किए गए औपचारिक अनुमोदन की वैधता अवधि 21 अगस्त, 2012 के बाद (पांचवे वर्ष के बाद) दूसरी बार बढ़ाने के लिए मैसर्स पार्श्वनाथ एसईजेड लिमिटेड का अनुरोध

विकासक को एलओए दिनांक 22 अगस्त, 2007 के माध्यम से उपर्युक्त एसईजेड स्थापित करने के लिए औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया था। एसईजेड को 20 दिसंबर, 2011 को अधिसूचित किया गया। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के दो विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 21 अगस्त, 2012 तक वैध थे।

अपने पत्र दिनांक 26 जून 2012 के माध्यम से विकासक ने 21 अगस्त 2012 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए इस आधार पर अनुरोध किया है कि राज्य सरकार ने उन्हें पहले आवंटित लोकेशन को परिवर्तित कर दिया है जिसके लिए वाणिज्य विभाग के अनुमोदन की आवश्यकता थी।

विकासक ने सूचित किया है कि उन्होंने अपने एसईजेड के प्रसंसकरण और गैर प्रसंस्करण क्षेत्र के सीमांकन के लिए आवेदन किया है तथा अनुमोदन के लिए सक्षम प्राधिकारी को लेआउट प्लान प्रस्तुत किया है। यह भी सूचित किया है कि निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :

(क) साइट का कब्जा ले लिया गया है
(ख) साइट तैयार कर ली गई है
(ग) वाहन विलेख निष्पादित किया गया है
(घ) एसईजेड के विकास के लिए मास्टर प्लान / लेआउट प्लान को अंतिम रूप दे दिया गया है। वे अनुमोदन के लिए एकल खिड़की को औपचारिक रूप से आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

विकास आयुक्त, वीएसईजेड ने पुन: एक साल की अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

औपचारिक अनुमोदन की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

(iv) अदिबाटला गांव, इब्राहिमपट्टनम मंडल, रंगारेड्डी जिला, आंध्र प्रदेश में आईटी / आईटीईएस एसईजेड स्थापित करने के लिए 6 जनवरी, 2013 के बाद (5वें वर्ष के बाद) एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स काग्नीजेंट टेक्नोलॉजी सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 7 जनवरी, 2008 को प्रदान किया गया था। 16.19 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड 9 जून, 2008 को अधिसूचित किया गया था। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के दो विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 6 जनवरी, 2013 तक वैध था।

अपने पत्र दिनांक 12 दिसंबर 2012 के माध्यम से विकासक ने 6 जनवरी 2013 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए इस आधार पर अनुरोध किया है कि एसईजेड में भूमि का पुन: अभिमुखीकरण किया गया जिसकी वजह से कुछ विलंब हुआ।

विकासक ने सूचित किया है कि उन्होंने एसईजेड क्षेत्र के चारों ओर चारदीवारी का निर्माण पूरा कर लिया है। वे जनवरी 2013 में निर्माण गतिविधि शुरू करना चाहते हैं तथा 2014 के मध्य तक प्रचालन शुरू करना चाहते हैं।

विकास आयुक्त, वीएसईजेड ने एक साल की अगली अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

तदनुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(v) ग्राम हरगढ़, तहसील सिहोर, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश में खनिज एवं खनिज आधारित उद्योग के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए 16 मार्च, 2013 के बाद (5वें वर्ष के बाद) एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए एमपी औद्योगिक केन्द्र विकास निगम (जबलपुर) लिमिटेड से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 17 मार्च, 2008 को प्रदान किया गया था। एसईजेड को 24 जुलाई, 2008 को अधिसूचित किया गया। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के दो विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 16 मार्च, 2013 तक वैध था।

विकासक ने 6 जनवरी 2013 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए इस आधार पर अनुरोध किया है कि उन्होंने एसईजेड में 522.84 लाख रुपए का व्यय किया है तथा भावी विकास के लिए विभिन्न अन्य गतिविधियों की योजना बनाई जा रही है और यह कि विभिन्न उद्यमियों ने एसईजेड में यूनिटें स्थापित करने के लिए अपनी रुचि व्यक्त की है जिनके आवेदनों पर विकास आयुक्त के कार्यालय के साथ विचार किया जा रहा है।

विकास आयुक्त, आईएसईजेड ने पुन: एक साल की अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(vi) ग्राम पारिगी और सेरिकोकुम, पारिगी मंडल, सी कोडीजेपल्ली गांव, मडकसारा मंडल, अनंतपुर जिला, आंध्र प्रदेश में बहु सेवा एसईजेड स्थापित करने के लिए 4 फरवरी, 2013 के बाद (5वें वर्ष के बाद) एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स बेनीफिसेंट नालेज पार्क्स एंड प्रापर्टीज लिमिटेड से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 4 फरवरी 2008 को प्रदान किया गया था। एसईजेड को 23 अप्रैल, 2009 को अधिसूचित किया गया। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के दो विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 3 फरवरी, 2013 तक वैध था।

अपने पत्र दिनांक 4 दिसंबर 2012 के माध्यम से विकासक ने 4 फरवरी 2013 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए इस आधार पर अनुरोध किया है कि उसे आवंटित भूमि का कब्जा अभी तक नहीं मिला है जिसकी वजह से खरीदी गई पट्टा भूमि की सन्निकटता भंग हो रही है।

विकासक ने सूचित किया है कि उन्होंने निम्नलिखित ढंग से परियोजना को पूरा करने का प्रस्ताव किया है :

(क) अधिसूचना : मार्च, 2013
(ख) प्रसंस्करण एवं गैर प्रसंस्करण क्षेत्रों का सीमांकन : जून 2013
(ग) चारदीवारी : अक्टूबर 2013
(घ) आईसीडी : दिसंबर, 2013

विकास आयुक्त, वीएसईजेड ने सूचित किया है कि एपीआईआईसी उक्त भूमि को सौंपने की प्रक्रिया में है। इसलिए उन्होंने 5 फरवरी 2013 के बाद एक साल की अवधि के लिए वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए प्रस्ताव की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(vii) गांधीनगर - सरखेज हाइवे, गांधीनगर, गुजरात में आईटी / आईटीईएस एसईजेड स्थापित करने के लिए 6 जनवरी, 2013 के बाद (5वें वर्ष के बाद) एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 7 जनवरी 2008 को प्रदान किया गया था। एसईजेड को 13 मई, 2009 को अधिसूचित किया गया। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के दो विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 6 जनवरी, 2013 तक वैध था।

अपने पत्र दिनांक 18 दिसंबर 2012 के माध्यम से विकासक ने 6 जनवरी 2013 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए विभिन्न कारणों से अनुरोध किया है जैसे कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी

जिसकी वजह से एसईजेड यूनिट लेने वालों की संख्या कम है, मैट लगाया जाना तथा एसईजेड में आवंटित भूखंड के ऊपर से 11 के बीच की पावर लाइन का गुजरना जिसकी वजह से यूनिटों ने उसे शिफ्ट करने का अनुरोध किया है तथा गुजरात सरकार के पास मामला लंबित है।

विकासक ने सूचित किया है कि उन्होंने चारदीवारी तथा अन्य अवसंरचना जैसे कि सड़क, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, जल वितरण नेटवर्क तथा भूखंडों के सीमांकन का कार्य पूरा कर लिया है।

विकासक ने कुल 30.33 करोड़ रुपए का निवेश किया है जिसमें से 24.66 करोड़ रुपए भूमि के लिए तथा 6.67 करोड़ रुपए अन्य अवसंरचना कार्य पर हैं।

विकासक ने 6 जनवरी 2014 तक परियोजना को पूर्ण करने का प्रस्ताव किया है।

विकास आयुक्त, केएएसईजेड ने पुन: एक साल की अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(viii) ग्राम ओगनाज, तालुक दसक्रोई, जिला अहमदाबाद, गुजरात में आईटी / आईटीईएस एसईजेड स्थापित करने के लिए 19 दिसंबर, 2013 के बाद (छठें वर्ष के बाद) एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स गणेश इनफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 20 दिसंबर 2006 को प्रदान किया गया था। अब एसईजेड अधिसूचित हो गया है। विकासक को औपचारिक अनुमोदन का तीन विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 19 दिसंबर, 2012 तक वैध था।

कस्बा आयोजना स्कीम की मंजूरी में अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एयूडीए) से अंतिम भूखंड के लिए अनुमोदन प्राप्त करने में विलंब के कारण विकासक ने अपने पत्र दिनांक 31 दिसंबर 2012 के माध्यम से 19 दिसंबर 2012 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए अनुरोध किया है। उन्होंने सूचित किया है कि गुजरात सरकार में हाल ही में टीपी योजना संख्या 36 और 64 अनुमोदित की है और इसलिए वे 1 फरवरी 2013 से निर्माण कार्य शुरू करेंगे।

अब तक विकासक द्वारा भूमि के अधिग्रहण तथा अन्य प्रभारों में किया गया निवेश 46.18 करोड़ रुपए है और उन्होंने प्रतिबद्धता की है कि वे अगले साल में निर्माण कार्य के लिए लगभग 36 करोड़ रुपए व्यय करेंगे। विकासक द्वारा प्रस्तुत योजना अनुसूची में यह उल्ललेख है कि परियोजना का चरण 1 दिसंबर 2014 तक पूरा हो जाएगा तथा चरण 2 दिसंबर, 2017 तक पूरा होगा।

विकास आयुक्त, केएएसईजेड ने एक साल की अगली अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(ix) दीमापुर, नागालैंड में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए 11 अक्टूबर, 2012 के बाद (छठें वर्ष के बाद) एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स नागालैंड इंडस्ट्रियल डवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 12 अक्टूबर 2007 को प्रदान किया गया था। एसईजेड को 20 जुलाई, 2009 को अधिसूचित किया गया है। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के तीन विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 11 अक्टूबर, 2012 तक वैध था।

विकासक ने अपने पत्र दिनांक 8 नवंबर 2012 के माध्यम से परियोजना को पूरा करने के लिए 11 अक्टूबर 2012 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए अनुरोध किया है। सूचित किया गया है कि अब तक एसईजेड में प्रचालन के अधिकांश कार्य पूरे हो गए हैं।

विकास आयुक्त, एफएसईजेड ने एक साल की अगली अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(x) ग्राम ओगनाज, तालुक दसक्रोई, जिला अहमदाबाद, गुजरात में आईटी / आईटीईएस एसईजेड स्थापित करने के लिए 6 नवंबर, 2012 के बाद (छठें वर्ष के बाद) एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स कलिका कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 6 नवंबर 2006 को प्रदान किया गया था। एसईजेड को 8 मई, 2009 को अधिसूचित किया गया। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के तीन विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 5 नवंबर, 2012 तक वैध था।

एयूडीए द्वारा विकास योजना को विलंब से अंतिम रूप दिए जाने के कारण विकासक ने अपने पत्र दिनांक 2 अक्टूबर 2012 के माध्यम से 6 नवंबर 2012 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए अनुरोध किया है।

विकासक ने अधिसूचित एसईजेड को विकसित करने के लिए कार्यान्वयन की दिशा में कदम उठाना शुरू कर दिया है जिसके लिए अधिकृत प्रचालनों के लिए सीमांकन तथा माल एवं सेवाओं का अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है।

विकासक ने प्रसंस्करण क्षेत्र में चारदीवारी, प्रशासनिक ब्लाक एवं अन्य भवनों, विद्युतीकरण, सड़क तथा वाटर पाइप लाइन जैसे अवसंरचना कार्य शुरू किए हैं तथा आज तक 12.90 करोड़ रुपए (भूमि से भिन्न) का व्यय किया है।

विकास आयुक्त, केएएसईजेड ने पुन: एक साल की अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(xi) त्रिक्काकारा, एर्नाकुलम जिला, केरल में इलेक्ट्रानिक्स उद्योग के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए 20 फरवरी, 2013 के बाद (छठें वर्ष के बाद) एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स केरल इंडस्ट्रियल डवलपमेंट कॉर्पोरेशन (किनफ्रा) से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 21 अगस्त 2006 को प्रदान किया गया था। एसईजेड को 13 जून, 2007 को अधिसूचित किया गया। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के तीन विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 20 फरवरी, 2013 तक वैध था।

विकासक ने अपने पत्र दिनांक 28 जनवरी 2013 के माध्यम से 20 फरवरी 2013 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए इस आधार पर अनुरोध किया है कि आर्थिक मंदी के भूतलक्षी प्रभाव तथा वित्त की कमी के कारण सह विकासक बढ़ाई गई अवधि में भवन को पूरा करने के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका।

विकासक ने सूचित किया है कि 1000 लाख रुपए मूल्य के निम्नलिखित कार्य पूरे हो गए हैं :

(क) चारदीवारी पूरी हो गई है।
(ख) 110 केवी का सब स्टेशन सहित एसईजेड के लिए बाहरी विद्युत आपूर्ति का कार्य पूरा हो गया है।
(ग) जलापूर्ति वितरण प्रणाली के निर्माण का कार्य पूरा होने वाला है।
(घ) बाहरी सड़क का विकास पूरा हो गया है।
(ङ) सह विकासक ने पहले चरण के भवन (3 लाख वर्गफीट) का निर्माण शुरू किया है। पाइलिंग तथा दो बेसमेंट फ्लोर पूरे हो गए हैं। सह विकासक ने 680 लाख रुपए का निवेश किया है।
(च) साइट का विकास आंशिक रूप से पूरा हो गया है।

विकास आयुक्त, सीएसईजेड ने एक साल की अगली अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(xii) पुथुव्यपीन, कोचीन, केरल में पोर्ट आधारित एसईजेड स्थापित करने के लिए 17 अप्रैल, 2013 के बाद (छठें वर्ष के बाद) एलओपी की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स कोचीन पोर्ट ट्रस्ट से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 18 अप्रैल 2006 को प्रदान किया गया था। अब एसईजेड अधिसूचित हो गया है। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के तीन विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 17 अप्रैल, 2013 तक वैध था।

विकासक ने अपने पत्र दिनांक 4 जनवरी 2013 के माध्यम से 17 अप्रैल 2013 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए इस आधार पर अनुरोध किया है कि अधिकृत प्रचालन कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों पर हैं।

विकासक ने सूचित किया है कि विकासक, 3 सह विकासकों (मैसर्स पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड, मैसर्स बीपीसीएल तथा मैसर्स इंडिया ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड) तथा एक यूनिट (मैसर्स गेल) द्वारा विभिन्न अवसंरचना सुविधाएं प्रगति पर हैं।

विकास आयुक्त, सीएसईजेड ने पुन: एक साल की अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

(xiii) कोकापेट गांव, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, रंगारेड्डी जिला, आंध्र प्रदेश में आईटी / आईटीईएस एसईजेड स्थापित करने के लिए 22 अक्टूबर, 2012 के बाद (छठवें वर्ष के बाद) एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स हैदराबाद मेट्रोपोलिटन डवलपमेंट एथारिटी से अनुरोध

विकासक को औपचारिक अनुमोदन 23 अक्टूबर, 2006 को प्रदान किया गया था। एसईजेड को 13 जून, 2007 को अधिसूचित किया गया। विकासक को औपचारिक अनुमोदन के तीन विस्तार प्रदान किए गए हैं जो 22 अक्टूबर, 2012 तक वैध था।

विकासक ने ड्रेनेज, स्टार्म वाटर ड्रेन, चारदीवारी, कस्टम आफिस जैसी शेष अवसंरचना प्रदान करने के लिए अपने पत्र दिनांक 3 जनवरी 2013 के माध्यम से 22 अक्टूबर 2012 के बाद अपने एलओए की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए अनुरोध किया है।

विकासक ने सूचित किया है कि इस कार्यालय से 6 यूनिटों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। चार यूनिटों ने एविएशन अनुमोदन प्राप्त किया है तथा अन्य यूनिटें एविएशन तथा फायर विभाग से अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। मैसर्स बे इनफोटेक वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को सह विकासक का दर्जा प्रदान किया गया। एसईजेड तक संपर्क सड़क तथा जोड़ने वाली मौजूदा हैदराबाद - शंकरपल्ली रोड पूरी हो गई है। अनुमानित लागत 9.38 करोड़ रुपए है। 6.35 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एसईजेड की आंतरिक सड़कें पूरी हो गई हैं तथा 1.05 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एसईजेड की अस्थायी चेन लिंक फेंसिंग पूरी हो गई है। बिजली प्रदान करने के लिए एपीसीपीडीसीएल के साथ संयुक्त निरीक्षण पूरा हो गया है। एपीसीपीडीसीएल ने 7.66 करोड़ रुपए जमा करने के लिए एचएमडीए से अनुरोध किया है तथा यह प्रक्रियाधीन है। एसईजेड को बल्क वाटर सप्लाई प्रदान करने के लिए एचएमडब्ल्यूएसएंडएसबी के साथ संयुक्त निरीक्षण पूरा हो गया है। एचएमडब्ल्यूएसएंडएसबी ने उनसे 200 लाख रुपए की राशि जमा करने के लिए अनुरोध किया है। एचएमडीए ने एचएमडब्ल्यूएसएंडएसबी के पास 50 लाख रुपए की राशि जमा की है। ड्रेनेज, स्टार्म वाटर ड्रेन, चारदीवारी, कस्टम आफिस प्रदान करने के लिए 17.46 करोड़ रुपए की राशि के लिए अनुमान तैयार किया गया है ताकि कार्य शुरू किए जा सकें।

विकास आयुक्त, वीएसईजेड ने पुन: एक साल की अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव की सिफारिश की है।

तद्नुसार विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या 57.7.4: 7वें वर्ष के बाद एलओए की वैधता अवधि बढ़ाना

(i) आदित्यपुर, झारखंड में आटोमोबाइल्स / आटो कंपोनेंट्स के लिए क्षेत्र विशिष्ट एसईजेड स्थापित करने के लिए प्रदान किए गए औपचारिक अनुमोदन की वैधता अवधि 13 दिसंबर, 2012 के बाद (सातवें वर्ष के बाद) पुन: बढ़ाने के लिए मैसर्स आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया डवलपमेंट एथारिटी का अनुरोध

विकासक को एलओए दिनांक 14 जून, 2006 के माध्यम से 36.42 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड स्थापित करने के लिए औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया था। 36.4218 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में उपर्युक्त एसईजेड 5 सितंबर, 2006 को अधिसूचित किया गया था। विकासक को 13 जून 2012 तक तीन (वार्षिक) विस्तार प्रदान किए जा चुके हैं तथा पिछला विस्तार (छमाही) 13 दिसंबर 2012 तक वैध है।

विकासक ने यह कहते हुए वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए अनुरोध किया है कि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा 54.18 एकड़ की भूमि विमुक्त की जानी है और यह कि मंत्रालय में विमुक्तीकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण पर है जिसके बाद एसईजेड को स्थापित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

विकास आयुक्त, एफएसईजेड ने अनुरोध की सिफारिश की है।

विकासक का अनुरोध अनुमोदन बोर्ड के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत है।

मद संख्या 57.8 : एलओपी की वैधता अवधि बढ़ाना

बुनियादी तथ्य :

- **एसईजेड में यूनिटों के संबंध में मंजूरी पत्र (एलओपी) की वैधता अवधि बढ़ाने के मामले एसईजेड नियमावली के नियम** 19 (4) **द्वारा अभिशासित हैं।**
- **नियम** 19 (4) **यह कहता है कि एलओपी एक साल की अवधि के लिए वैध होगा। पहला परंतुक अधिक से अधिक दो साल के लिए एलओपी की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए विकास आयुक्तों को अधिकार प्रदान करता है। दूसरा परंतुक विकास आयुक्त को एक साल की अगली अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ाने का अधिकार प्रदान करता है, परंतु शर्त यह है कि यूनिट की स्थापना से संबंधित निर्माण सहित दो तिहाई कार्य पूरा हो गया है और उद्यमी द्वारा किसी सनदी इंजीनियर से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाता है।**
- **तीसरे वर्ष के बाद (ऐसे मामलों में जहां दो तिहाई गतिविधियां पूरी नहीं हुई हैं) तथा चौथे वर्ष के बाद वैधता अवधि अनुमोदन बोर्ड द्वारा बढ़ाई जाती है।**
- **अनुमोदन बोर्ड एक बार में एक साल की अवधि के लिए वैधता अवधि बढ़ा सकता है।**
- **अनुमोदन बोर्ड द्वारा वैधता अवधि बढ़ाने की कोई समय सीमा नहीं है।**

मद संख्या 57.8.1: तीसरे वर्ष के बाद एलओपी की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए अनुरोध (ऐसे मामलों में जहां दो तिहाई गतिविधियां पूरी नहीं हुई हैं)

(i) 5 जनवरी, 2013 के बाद (तीसरे वर्ष के बाद) अनुमति पत्र (एलओपी) की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए मैसर्स हिंदुस्तान पोलीमाइड्स एंड फाइबर्स लिमिटेड जो भडूच, गुजरात में दाहेज एसईजेड की एक यूनिट है, का अनुरोध

एलओपी दिनांक 6 **जनवरी** 2010 **के माध्यम से उपर्युक्त एसईजेड में कुछ रसायनों के निर्माण के लिए यूनिट स्थापित करने के लिए मैसर्स हिंदुस्तान पोलीमाइड्स एंड फाइबर्स लिमिटेड को एलओपी प्रदान किया गया था। नियम** 19 (4) **के पहले परंतुक के तहत विकास आयुक्त, दाहेज एसईजेड द्वारा यूनिट को** 5 **जनवरी** 2013 **तक दो विस्तार प्रदान किए गए हैं।**

नियम 19 (4) **के दूसरे परंतुक के अनुसरण में तीसरी बार वैधता अवधि बढ़ाने के लिए यूनिट के अनुरोध को विकास आयुक्त, दाहेज एसईजेड द्वारा प्रोसेस किया जाना चाहिए था। तथापि, विकास आयुक्त ने अनुरोध पर अपनी आपत्तियां प्रदान की हैं तथा अनुमोदन बोर्ड के समक्ष रखने के लिए अपनी सिफारिश के साथ इसे अग्रेषित किया है (अनुबंध** 4)**।**

उपर्युक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए 5 **जनवरी**, 2013 **के बाद एलओपी की वैधता अवधि पुन: बढ़ाने के लिए यूनिट का अनुरोध विचार करने के लिए अनुमोदन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।**

तद्नुसार यूनिट का अनुरोध विचार करने के लिए अनुमोदन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

(ii) 2 फरवरी, 2013 के बाद (तीसरे वर्ष के बाद) अनुमति पत्र (एलओपी) की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए मैसर्स अलस्टोम भारत फोर्ज पावर लिमिटेड जो मुंद्रा, कच्छ, गुजरात में एमपीएसईजेड की एक यूनिट है, का अनुरोध

एलओपी दिनांक 03 **फरवरी**, 2010 **के माध्यम से उपर्युक्त एसईजेड में यूनिट स्थापित करने के लिए मैसर्स अलस्टोम भारत फोर्ज पावर लिमिटेड को एलओपी प्रदान किया गया था। नियम** 19 (4) **के पहले परंतुक के तहत विकास आयुक्त, एमपीएसईजेड द्वारा यूनिट को** 2 **फरवरी** 2013 **तक दो विस्तार प्रदान किए गए हैं।**

